जनसंदेश टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार, 15 सितम्बर, 2016

आइआइएसआर में हिन्दी पखवारा शुरु

लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में बुधवार को हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ संस्थान के प्रेक्षागृह में हुआ। इस अवसर पर वैज्ञानिक शोध एवं तकनीक विकास में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। शुभारंभ कार्यक्रम में डा. जितेन्द्र नाथ पाण्डेय,भूतपूर्व प्राध्यापक, हिन्दी विभाग,लखनऊ विश्वविद्यालय ,विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य वक्ता थे। उन्होने आज के संदर्भ में रामचरित्र मानस विषय पर अपना व्यख्यान दिया। इस अवसर पर संस्थान में परियोजना समन्वयक (गन्ना) डा. सुधीर कुमार शुक्ला ने संस्थान स्तर पर हिन्दी के कार्य को बढ़ावा देने के लिए सभी कार्मिकों से पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संस्थान में राजभाषा प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डा. एके साह ने संस्थान द्वारा क्रियान्वित हिन्दी कार्यक्रमों तथा गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया।

उधर, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक शोध एवं तकनीक विकास में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रध्यापक डॉ.जितेंद्र नाथ पांडेय ने रामचरित्र मानस पर व्याख्यान दिया। राजभाषा प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ए.के. साह ने बताया कि इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।